समाहरणालय, कटिहार
(जिला पि० एवं अति पि० वर्ग कल्याण शाखा)

# सूचनाः—

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत कटिहार जिला में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, डी. एस. कॉलेज कटिहार शैक्षणिक सत्र 2026—27 में नामांकन लिया जाना है, छात्रावास आवासन क्षमता की विवरणी निम्नवत् है

| क्र०सं० | छात्रावास का नाम | आवासन क्षमता | नमांकित छात्र | रिक्त बल | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, डी. एस. कॉलेज, कटिहार । | 50 | 34 | 16 | |

नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 30 दिन तक तक आवेदन प्राप्त किये जायेगें।उक्त छात्रावास में रिक्तियों के विरूद्ध नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 01.07.2026 से दिनांक 30.07.2026 तक ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। नामांकन हेतु इच्छुक छात्र **bcebconline.bihar.gov.in**पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए छात्रावास परामर्शी से छात्र या अभिभावक प्रत्येक कार्य दिवस को 2 बजे अपराह्न के बाद जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय कटिहार में सम्पर्क कर सकते हैं।

नामांकन की शर्तेः—

**अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास,**

1. आवेदक पिछड़ा वर्ग या अत्यंत पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। (अत्यंत पिछड़ा वर्ग 60 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का 40 प्रतिशत)
2. आवेदक बिहार राज्य का निवासी हों।
3. आवेदक कटिहार जिला में स्थित किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक पास होना चाहिए।
5. अहर्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. इंटरमीडिएट के छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**छात्रों की मिलनेवाली सुविधाएँ**

1. छात्रों के लिए निःशूल्क आवास की सुविधा।
2. सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं रसोइया।
3. पंखा, बल्ब, 24•7 बिजली की सुविधा, C-C-T-V. एवं WiFi
4. शुद्ध पेयजल की सुविधा।
5. खेलकूद के सामग्री।
6. डिजिटल लाइब्रेरी।
7. प्रति माह 15 किलोग्राम खाद्यान्न (09 कि०ग्रा० चावल एवं 06 कि० ग्रा० गेंहू )।
8. प्रति छात्र प्रति माह 2000 (दो हजार) रूपये का छात्रावास अनुदान का लाभ।

**आवेदन की प्रक्रियाः—**

1. आवेदन **https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/BCEBC_MH_App/Registration.aspx** पर जाकर ऑनलाईन माध्यम से किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण—पत्रों की स्व०—अभिप्रमाणित प्रति अपलोड करना आवश्यक होगा।
3. आवेदक एवं अभिभावक का पासपोर्ट साईज फोटो।
4. आवेदक का जाति, आय एवं निवास प्रमाण—पत्र की छायाप्रति ।
5. **कटिहार जिला में स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन से संबंधित कागजात।**
6. आधार कार्ड की स्व० अभिप्रमाणित की छायाप्रति।
7. विगत परीक्षा के अंकपत्र की छायाप्रति।
8. बैंक पासबुक की छायाप्रति (खाता संख्या एवं IFSC Code सहित)।
9. विज्ञापन संख्या—
10. **अध्ययनरत् संस्थान का सिफारिश पत्र।**

13.6.2026

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण
पदाधिकारी, कटिहार ।